# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :............................................/सम्ब. अनु./2018

दिनांक : ..........................................................

## कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय के "महाविद्यालय विकास परिषद" की बैठक माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 06.09.2018 को सायं 04:00 बजे कमेटी हाल, प्रशासनिक-भवन में सम्पन्न हुई जिसमें निम्नवत् निर्णय लिये गये :–

1. प्रो0 एस0डी0 शर्मा, प्राचार्य, श्री जय नारायण पी0जी0 कालेज ने परीक्षा केन्द्रों को आवंटित की जाने वाली धनराशि को समय से अवमुक्त किये जाने के अनुरोध पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परीक्षा केन्द्र बनाये जाते समय ही कान्टीजेन्सी की धनराशि सम्बन्धित महाविद्यालय के खाते में आर.टी.जे.एस. के माध्यम से ट्रांसफर कर दी जाय।
2. स्ववित्तपोषित सहयुक्त महाविद्यालयों की सहयुक्तता हेतु निरीक्षक मण्डल व प्राचार्य/शिक्षकों की चयन समिति हेतु विषय विशेषज्ञ की वैधता 04 माह के स्थान पर 06 किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके उपरान्त पुनः नयी प्रकिया से निरीक्षक मण्डल व विषय विशेषज्ञ नामित कराने होंगे।
3. सहयुक्त महाविद्यालयों में सहयुक्तता हेतु सम्पन्न होने वाले स्थलीय निरीक्षण के समय महाविद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी जिनका निरीक्षण मण्डल के सदस्यों के साथ ग्रुप फोटोग्राफ्स प्रस्तुत किया जायेगा।
4. सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा कालेज की लॉगिन प्रत्येक दशा में अपडेट की जाय।
5. अस्थायी/स्थायी सहयुक्तता हेतु निर्धारित प्रारूप पर ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या : AP/26598-610 दिनांक : 21/12/18

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद।
4. परीक्षा नियंत्रक को इस आशय से प्रेषित कि बिन्दु संख्या : 1 के सम्बन्ध में यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि निर्णयानुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।
7. इंचार्ज, वेबसाइट को इस अनुरोध के साथ कि समस्त महाविद्यालयों को प्रेषित करने एवं वि.वि. की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(रणजीत यादव)
उप कुलसचिव (सम्ब.)